मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

अनुक्रमांक

नाम

932

# 825(OC)

## 2020

## सामाजिक विज्ञान

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*निर्देश :* i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों **क** एवं **ख** में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाय।





ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

iii) प्रश्नपत्र में **चार** प्रकार के प्रश्न हैं — बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

iv) **क** तथा **ख** खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से **खण्ड - क** में प्रश्न संख्या **14** तथा **खण्ड - ख** में प्रश्न संख्या **28** के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

## खण्ड - क

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ जिस देश से हुआ, वह है
   (क) जर्मनी
   (ख) इटली
   (ग) फ्रांस
   (घ) इंग्लैण्ड। 1

2. असहयोग आन्दोलन का मुख्य कारण क्या था ?
   (क) रॉलट एक्ट
   (ख) प्रथम विश्वयुद्ध
   (ग) खिलाफत आन्दोलन
   (घ) चौरी-चौरा की घटना। 1

3. 'करो या मरो' का नारा किसका था ?
   (क) सुभाष चन्द्र बोस
   (ख) चन्द्रशेखर आजाद
   (ग) भगत सिंह
   (घ) महात्मा गाँधी। 1





4. इटली का एकीकरण किसके नेतृत्व में किया गया ?
   (क) ज्युसेपे गैरीबाल्डी
   (ख) ऑटो वान विस्मार्क
   (ग) नेपोलियन
   (घ) विलियम प्रथम। 1

5. भारत में कुल कितने संघीय राज्य हैं ?
   (क) 27
   (ख) 28
   (ग) 29
   (घ) 30. 1

6. निम्नलिखित में से कौन-सा राजनीतिक दल राष्ट्रीय पार्टी नहीं है ?
   (क) भारतीय जनता पार्टी
   (ख) इण्डियन नेशनल कॉंग्रेस
   (ग) बहुजन समाज पार्टी
   (घ) समाजवादी पार्टी। 1

( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

7. जर्मनी का एकीकरण कब और कैसे हुआ ? 1 + 1

8. लोकतंत्र के लिए जातिवाद घातक है। इसके **दो** कारण बताइए। 1 + 1

9. भारतीय लोकतंत्र के समक्ष आने वाली **दो** चुनौतियाँ बताइए। 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

10. साम्प्रदायिकता लोकतंत्र के लिए हानिकारक क्यों है ? **दो** तर्क दीजिए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

**अथवा**

उत्तरदायी शासन क्या है ? इसकी **दो** विशेषताएँ बताइए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

11. मुद्रण संस्कृति क्या है ? इसमें चीन की क्या भूमिका है ? 1 + 2

**अथवा**

गुटनबर्ग कौन था ? मुद्रण के क्षेत्र में उसकी क्या भूमिका है ? 1 + 2

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

12. संघवाद क्या है ? भारत के संघीय ढाँचे की **चार** विशेषताएँ बताइए। 2 + 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**





विकेन्द्रीकरण क्या है ? इसके लिए भारतीय संविधान में क्या व्यवस्था दी गई ? किन्हीं **चार** का उल्लेख कीजिए। 2 + 1 + 1 + 1 + 1

13. द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के समक्ष क्या समस्याएँ थीं ? इसे ब्रेटन वुड्स सम्मेलन द्वारा किस प्रकार सुलझाया गया ? 4 + 2

**अथवा**

विश्व अर्थव्यवस्था ने कैसे स्थान ग्रहण किया ? इसमें तकनीकी का क्या योगदान है ? 3 + 3

( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

14. (i) वह स्थान जहाँ से महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ किया। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ सितम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जिसकी घटना के कारण महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन स्थगित किया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप हैं। इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

14. (i) महात्मा गाँधी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ किया ? 1

(ii) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड की घटना कहाँ घटी ? 1

(iii) सितम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ ? 1

(iv) किस स्थान की घटना के कारण महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन स्थगित किया ? 1

(v) 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ ? 1





## खण्ड - ख

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. निम्नलिखित में से किस राज्य में काली मिट्टी पाई जाती है ?

(क) झारखण्ड

(ख) गुजरात

(ग) राजस्थान

(घ) बिहार। 1

16. निम्नलिखित में से कौन-सी एक रेशेदार फसल है ?

(क) जूट

(ख) कॉफी

(ग) जौ

(घ) रबर। 1

17. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर भारत की इलेक्ट्रॉनिक राजधानी के रूप में जाना जाता है ?

(क) दिल्ली

(ख) लखनऊ

(ग) भोपाल

(घ) बेंगलुरु। 1

18. निम्नलिखित में से कौन-सा पत्तन (बन्दरगाह) देश के पूर्वी तट पर स्थित है ?

(क) काँडला

(ख) कोच्चि

(ग) मुम्बई

(घ) विशाखापट्नम। 1

19. मुद्रा का निर्गमन किसके द्वारा किया जाता है ?

(क) भारतीय रिजर्व बैंक

(ख) भारत के राष्ट्रपति

(ग) वित्तमंत्री

(घ) प्रधानमंत्री। 1

20. विदेशी व्यापार किनके मध्य होता है ?

(क) दो देशों के मध्य

(ख) दो प्रदेशों के मध्य

(ग) दो नगरों के मध्य

(घ) दो गाँवों के मध्य। 1





( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. मौसमी बेरोजगारी क्या है ? 2

22. चेक किसे कहते हैं ? 2

23. बैंक के किन्हीं **दो** कार्यों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. जल दुर्लभता क्या है ? इसके **तीन** मुख्य कारण बताइए। 1 + 1 + 1

**अथवा**

कृषि की **तीन** प्रमुख समस्याओं का उल्लेख कीजिए। + 1 + 1

25. **तीन** ऐसे कारकों को बताइए जिसमें उपभोक्ताओं का शोषण होता है। 1 + 1 + 1

**अथवा**

आर्थिक क्रियाओं के **तीन** प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए। 1 + 1 + 1

( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. ऊर्जा के गैर-परम्परागत **चार** स्रोतों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

**अथवा**

उद्योग पर्यावरण को कैसे प्रदूषित करते हैं ? किन्हीं **चार** प्रकार के प्रदूषण का उल्लेख कीजिए। 2 + 1 + 1 + 1 + 1

27. भारत की अधिकांश जूट मिलें पश्चिम बंगाल में क्यों स्थित हैं ? इसके **चार** प्रमुख कारण बताइए।

$1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

**अथवा**

विकास मापने का यू०एन०डी०पी० का मापदण्ड किन पहलुओं में विश्व बैंक के मापदण्ड से अलग है ? 6

**( मानचित्र कार्य )**

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) लौह-इस्पात उद्योग का कोई एक केन्द्र ■ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) राणा प्रताप सागर — चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) लाल मिट्टी का क्षेत्र □ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) कोई एक आणविक ऊर्जा केन्द्र ▲ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$





(v) महाराष्ट्र की राजधानी ● चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) लौह-इस्पात उद्योग के कोई एक केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(ii) राणा प्रताप सागर किस राज्य में स्थित है ? 1

(iii) लाल मिट्टी मुख्यतया किस राज्य में पाई जाती है ? 1

(iv) कोई एक आणविक ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(v) महाराष्ट्र की राजधानी का नाम लिखिए। 1

**825(OC) - 5,00,000**